प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

देशभर में आज जन्माष्टमी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु कृष्ण मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशभर में भी सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। आज दिनभर कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे और देर रात कृष्ण जन्म पर भगवान का अभिषेक किया जाएगा।

जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सपत्नीक डीग में पूंछरी का लोठा स्थित मंदिर पहुंचे हैं, जहां उन्होंने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर दर्शनार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए एलईडी स्क्रीन लगाए हैं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। सांचौर में बच्चों को कृष्ण के परिधानों में सजाया गया है। इस दौरान बच्चों ने मटकी फोड़कर माखन चुराया। डूंगरपुर में कृष्ण मंदिरों में भगवान की आकर्षक झाकियां सजाई जा रही हैं। वहीं मंदिरों में दर्शनों के लिए भक्तो की भीड़ लग रही है। शाम को मटकी फोड़ के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाड़मेर, जैसलमेर, भरतपुर, करौली, कोटपूतली–बहरोड, जालौर, अजमेर, सीकर, हनुमानगढ और भीलवाडा सहित अन्य स्थानों पर भी जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश हुई। राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा तथा पाली जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में भारी से अति भारी वर्षा तथा प्रतापगढ़ जिले में भारी से अत्यंत भारी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 26 सेंटीमीटर बारिश प्रतापगढ़ के पीपलखूंट में रिकॉर्ड की गई। बासंवाड़ा के भूंगड़ा में 19, सल्लोपाट में 16, बागीदौरा, अरथूना, गढ़ी और सज्जनगढ में 15–15, केसरपुरा तथा दानपुर में 13–13 और लोहारिया तथा शेरगढ़ में 11–11 सेंटीमीटर पानी बरसा।

इस बीच, भीलवाड़ा में हो रही बारिश से कई जगह जल भराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने नगर परिषद के अधिकारियों और सिविल डिफेंस टीम के साथ शहर का निरीक्षण कर जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिये। बीकानेर में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के समाचार हैं। पाली जिले के देसूरी की पहाड़ियों में हुई तेज बारिश से परशुराम में कुंडधाम झरना उफान पर है। सादड़ी के नलवानीया बांध पर चादर चल रही है। जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित तोपखाने के रास्ते में कल देर रात एक जर्जर मकान गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू कर शव बाहर निकाल लिया।

बांसवाड़ा जिले की घाटोल तहसील में कल रात हुई तेज बारिश के कारण खेरवा स्थित आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का पुराना भवन धराशाई हो गया।

डूंगरपुर शहर सहित कई गांवों में रुक रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज बरसात का दौर जारी है। बरसात की वजह से बांसिया में एक कच्चा मकान ढह गया।

मौसम विभाग के अनुसार आज डूंगरपुर, बांसवाडा और प्रतापगढ जिलों में कुछ स्थानों पर रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने और एक दो स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बरसात का पूर्वानुमान है। इसके अलावा चित्तौडगढ, सिरोही, उदयपुर नागौर, झुंझुनूं और सीकर में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा युवा मामले और खेल विभाग के निर्देशानुसार सांचौर में आज राष्ट्रीय खेल सप्ताह का शुभारंभ हुआ। जिले के रेबारियों का गोलियां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल परिसर में खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के खेल प्रभारी जगदीश बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय खेल सप्ताह के पहले दिन आज दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें पुरुष वर्ग में कुलदीप राणा और महिला वर्ग में साक्षी ने पहला स्थान हासिल किया।

जैसलमेर में आज प्रभात फेरी के साथ खेल सप्ताह का आगाज हुआ। इंदिरा इनडोर स्टेडियम से हनुमान चौराहे तक निकाली गई प्रभात फेरी को जिला कलेक्टर प्रतापसिंह नाथवात ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 31 अगस्त तक चलने वाले खेल सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

000